भारत उच्च रक्तचाप नियंत्रण पहल

drishtiias.com/hindi/printpdf/india-hypertension-control-initiative

प्रीलिम्स के लिये-

IHCI

मेन्स के लिये-

भारत में स्वास्थ्य संबंधी सेवाओं का विश्लेषण

चर्चा में क्यों?

हाल ही में केरल के चार ज़िलों में शुरू की गई भारत उच्च रक्तचाप नियंत्रण (प्रबंधन) पहल (**India Hypertension Control Initiative-**IHCI) 35% लोगों में उच्च रक्तचाप को नियंत्रित करने में प्रभावी साबित हुई है।

प्रमुख बिंदु

- केरल में IHCI के तहत कुल 2.23 लाख लोगों का पंजीकरण किया गया।
- जिनमें से तिरुवनंतपुरम में 72460, त्रिशूर में 74909, कन्नूर में 58818, और वायनाड में 19,009 पंजीकरण हुए।



राज्य में गैर-संचारी रोग (Non Communicable Desease) क्लीनिकों के बेहतर बुनियादी ढाँचे के कारण IHCI पहल का सबसे सकारात्मक प्रभाव केरल में देखने को मिला।

पृष्ठभूमि

- भारत में प्रत्येक चार वयस्क में से एक वयस्क उच्च रक्तचाप से ग्रस्त है। कुल प्रभावित लोगों में 50% लोगों की ही यह समस्या समय पर पहचान में आ पाती है उनमें भी केवल दस प्रतिशत वयस्कों का ही रक्तचाप नियंत्रण में रहता है।
- इस समस्या से निदान के लिये भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद् (Indian Council of Medical Reasearch- ICMR) ने विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) और स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के साथ मिलकर देश भर में भारत उच्च रक्तचाप नियंत्रण (प्रबंधन) पहल (IHCI) प्रारम्भ करने का निर्णय लिया।
- इस पहल की शुरुआत नवंबर 2017 में की गई। यह पाँच वर्षीय पहल है।
- इसे सबसे पहले पंजाब, मध्यप्रदेश, केरल, तेलंगाना और महाराष्ट्र के कुल 25 ज़िलों में लागू किया गया।
- इस पहल के अंतर्गत पाँच वर्षों में कुल 15 करोड़ जनसंख्या को कवर करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

- इस पहल के अंतर्गत उपयुक्त उपचार प्रोटोकॉल का प्रावधान बनाया गया है, जिसमें प्राथमिक इलाज की गुणवत्तापरक सुविधाएँ उपलब्ध कराना, सही गुणवत्ता वाले उपकरणों और दवाओं का प्रयोग शामिल है।

हाइपरटेंशन क्या है?

- शरीर में ऑक्सीजन और ऊर्जा के प्रवाह के लिये रक्त पम्प करना हृदय का प्रमुख कार्य है।
- धमनियों के ज़रिये रक्त के प्रवाह के लिये दबाव की एक निश्चित मात्रा की आवश्यकता होती है।
- यदि रक्त प्रवाह का यह दबाव सामान्य से अधिक होता है, तो यह धमनियों की दीवार पर अतिरिक्त तनाव डालता है। इसे हाई ब्लड प्रेशर या हाइपरटेंशन (उच्च रक्तचाप) कहते हैं।

भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद् (Indian Council of Medical Reasearch- ICMR)

- ICMR जैव चिकित्सा अनुसंधान में शोध, समन्वय और संवर्धन के लिये भारत का शीर्ष निकाय है तथा विश्व के सबसे पुराने चिकित्सा अनुसंधान निकायों में से एक है।
- ICMR को भारत सरकार के स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के माध्यम से वित्त पोषित किया जाता है।

स्रोत- द हिंदू